an>

Title: Need to set up mega food park and give remunerative prices for gooseberry to farmers in Pratapgarh Parliamentary Constituency.

कुँवर हरिवंश सिंह (प्रतापगढ़) : सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ की ओर आकरÂिषत करना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में आंवला सबसे ज्यादा पैदा होता है। शायद देश में सबसे अधिक यहीं पैदा होता है। लेकिन, उसके लिए वहां कोई उद्योग नहीं है। जिस कारण किसानों को कुछ मिलता नहीं है। पूरे उत्तर प्रदेश में 21 करोड़ की आबादी है, पर अभी तक एक भी मेगा फूड पार्क की स्थापना नहीं हो पाई है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से इतना ही कहना चाहता हूं कि किसानों को न्याय देने के लिए उन्हें उसका उचित मूल्य मिले। इसके लिए वहां पर एक मेगा फूड पार्क की अनुमति दी जाए और उसकी वहां स्थापना हो, जिससे किसानों को उसका पूरा लाभ मिल सके।

HON. CHAIRPERSON:

Kunwar Pushpendra Singh Chandel and

Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Kunwar Haribansh Singh.